दिनांक 10.06.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

निर्वाचन आयोग उप-चुनाव

निर्वाचन आयोग ने सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप-चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इनमें से प्रदेश की अमरवाड़ा विधानसभा सीट भी शामिल ही. यह सीट कमलेश प्रताप शाह के इस्तीफे के कारण रिक्त हुई थी. श्री शाह ने विधायक पद से इस्तीफा देकर अपनी पत्नी और बहन के साथ कांग्रेस को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था. प्रदेश के अलावा, चार विधानसभा क्षेत्र पश्चिम बंगाल में, तीन हिमाचल प्रदेश में, दो उत्तराखंड में और एक-एक बिहार, तमिलनाडु और पंजाब में हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि इन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 10 जुलाई को और मतगणना 13 जुलाई को होगी।

मोदी-किसान निधि

तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद भार संभालते ही नरेंद्र मोदी ने आज किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की है। ये किस्त नौ करोड 30 लाख किसानों को लगभग बीस हजार करोड रुपये का लाभ पहुंचाएगी। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का पहला निर्णय, किसानों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार, कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण के लिए और प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

तीन नए आपराधिक कानून

देश के साथ साथ प्रदेश में भी एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं जो आईपीसी का स्थान लेंगे. इन कानूनों के बारे में बताते हुए आई जी अंशुमान सिंह ने बताया कि ये कानून नए दौर में बहुत जरुरी हैं.

मुख्यमंत्री जबलपुर दौरा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री नई दिल्ली से जबलपुर पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद भोपाल लौट आएंगे। मुख्यमंत्री गौतम की मढिया से पंडा की मढिया तक रोड

शो में शामिल होंगे तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मदनमहल पहाड़ी स्थित संग्राम सागर तालाब की साफ-सफाई के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। डॉ. यादव यहीं पर आयोजित कार्यक्रम में करीब 1 हजार 389 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे ।

रेत खनन

प्रदेश में जिन क्षेत्रों में रेत खनिज उपलब्ध है और उन्हें अब तक खदान के रूप में घोषित नहीं किया गया है, ऐसे सभी क्षेत्रों को 15 जुलाई तक खदान घोषित किए जाएंगे। खनिज विभाग के प्रमुख सचिव निकुंज श्रीवास्तव ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कमिश्नर-कलेक्टर्स को इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर अवैध उत्खनन और परिवहन पर नियंत्रण करने के निर्देश दिये गये हैं।

मौसम

प्रदेश में अब मानसून की आहट शुरू हो गई है। 17 से 18 जून तक मानसून प्रदेश में दस्तक दे सकता है। इससे पहले प्रदेश में प्री-मानसून की एक्टिविटी रहेगी। आज कई इलाकों में सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है। कल भी धार, रतलाम, छिंदवाड़ा समेत कई शहरों में बारिश हुई तो निवाड़ी, दमोह और छतरपुर गर्म रहे। ऐसा ही मौसम अगले एक सप्ताह तक बने रहने का अनुमान है । मौसम विभाग ने आज छिंदवाड़ा, खंडवा, बुरहानपुर, डिंडोरी में तेज बारिश और आंधी का अलर्ट है। वहीं कल दमोह जिले में सबसे अधिक तापमान 44 दशमलव 5 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में 40 दशमलव 9 डिग्री, इंदौर में 37 दशमलव 4 डिग्री और जबलपुर में 42 दशमलव 5 डिग्री दर्ज किया गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1. धार महू लोकसभा से निर्वाचित सांसद श्रीमति सावित्री ठाकुर को मंत्री मंडल में शामिल करने पर धार जिले में अनेक स्थानों पर जश्न मनाया गया । आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब आदिवासी बाहुल्य इस लोकसभा क्षेत्र से किसी सांसद को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह दी गई है।
2. छतरपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गतिविधियां जारी है। नगर परिषद बड़ामलहरा में जल संरक्षण का संदेश देते हुए कल बिहारी जू मंदिर से भव्य जल कलश यात्रा निकाली गई।

3. आगरमालवा जिले से निकली आऊ नदी पर ग्राम बापचा-मंगवालिया के पास लगभग 167 करोड़ की लागत वाली सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्य का शुभांरभ विधायक मधु गेहलोत ने किया।